No. of Printed Pages/Questions: 13/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2023 – 2024)

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

---

**सामान्य निर्देश:-**

(1) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र मुद्रित पृष्ठ 13 हैं।

(2) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

(4) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड-'अ' और खंड- 'ब'। खंड-'अ' में बहुविकल्पीय/वस्तुपरक और खंड-'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(5) खंड-'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(6) खंड-'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(7) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

**खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)**

**1.निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1X5=5**

आज परिवार का अर्थ केवल पति-पत्नी और बच्चे तक सीमित है। संयुक्त और बड़े परिवार अब खत्म-से हो गए हैं, जबकि बड़ा परिवार एक वटवृक्ष की भाँति होता होता है, वह मनुष्य के जीवन में आने वाली आँधी-तूफ़ान में डटकर खड़ा रहता है। छोटे और एकल परिवार ज़रा-सी भी मुश्किल घड़ी में घबराकर अक्सर आत्मघातक कदम तक उठा लेते हैं। यू0 एन0 वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइज़ेशन ने बड़े परिवार में अध्ययन करने पर पाया कि बड़ा परिवार व्यक्ति को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है, बल्कि बीमारी या तनाव की स्थिति की स्थिति में अपनी प्रेरणा और देखभाल से एक बार फिर उसे चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार करता है। चिंतक जॉर्ज बर्न्स ने बड़े परिवार के संदर्भ में टिप्पणी की है, "आप देश, शहर या गाँव के किसी भी हिस्से में रहें, खुशी उसी घर में आती है, जहाँ एकजुट परिवार होता है और उनके सुख-दुख साझा होते हैं।" दरअसल, व्यक्ति के वर्तमान और

भविष्य का ढाँचा परिवार की मज़बूत नींव पर पर ही टिका हुआ होता है। परिवार की नींव जितनी मज़बूत होगी, व्यक्ति उतना ही सफल होगा। परिवार के साथ प्रेम और समर्पण से रहने के लिए शब्दों से अधिक महत्त्व भावनाओं का होता है। यदि व्यक्ति अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, तो उनमें लड़ाई कम होती है। विद्वान जॉर्ज मूर कहते हैं, "अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आप दुनिया का चक्कर लगा सकते हैं, लेकिन असली ज़रूरत एक भरा-पूरा घर-परिवार ही पूरी कर सकता है।" इसलिए बच्चों को बचपन से ही बुज़ुर्गों का सम्मान करना सिखाना चाहिए। परिवार से संबंधित विषयों की लेखिका फ़राह बारिया का कहना है, "यदि आप अपने बच्चों को आदर्श बनाना चाहते हैं, तो उन्हें बड़े परिवार के साथ जोड़िए। बच्चा उनके बीच रहकर स्वयं संस्कार और सद्‌गुण सीख जाएगा।"

**(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A):** बड़ा परिवार एक वटवृक्ष के समान होता है।

**कारण (R):** वह जीवन में आने वाले आँधी-तूफ़ान में डटकर खड़ा रहता है।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(ii) गद्‌यांश में बड़े परिवार पर अध्ययन करने वाली किस संस्था का उल्लेख किया गया है?**

(अ) वाई0 एच0 ए0 (ब) डब्ल्यू0 टी0 ओ0

(स) एच0 एम ओ0 (द) डब्ल्यू0 एच0 ओ0

**(iii) परिवार की नींव की मज़बूती पर व्यक्ति की.....................कथन पढ़कर सही विकल्प चयन कीजिए-**

**कथन**

(क) इमारत खड़ी होती है। (ख) शक्ति निर्भर है।

(ग) सफलता निर्भर है। (घ) खुशियाँ आधारित होती है।

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) और (ख) सही हैं

(ब) कथन (ग) और (घ) सही हैं

(स) केवल कथन (ग) सही है

(द) कथन (क) और (घ) सही हैं

**(iv) किसी की भी असली ज़रूरत कौन पूरी कर सकता है?**

(अ) उसकी जमा-पूँजी (ब) उसके बड़े-बुज़ुर्ग

(स) उसकी कड़ी मेहनत (द) उसका भरा-पूरा परिवार

**(v) 'वटवृक्ष' में समास का भेद है-**

(अ) कर्म तत्पुरूष (ब) करण तत्पुरूष

(स) संबंध तत्पुरूष (द) अधिकरण पुरूष

**2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X5=5

आज सवेरे
जब बसंत आया उपवन में चुपके-चुपके
कानों ही कानों में मैंने उससे पूछा,
"मित्र ! पा गए तुम तो अपने जीवन का उल्लास दुबारा
गमक उठे फिर प्राण तुम्हारे,
फूलों-सा मन मुसकाया
पर साथी
क्या दोगे मुझको?
मेरा यौवन मुझे दुबारा मिल न सकेगा?"
सरसों की उँगलियों हिलाकर संकेतों में वह यों बोला,
मेरे भाई !
व्यर्थ प्रकृति के नियमों की यों दो न दुहाई
होड़ न बाँधो तुम यों मुझसे ।
जब मेरे जीवन का पहला पहर झुलसता था लपटों में,
तुम बैठे थे बंद उशीर पटों से घिरकर ।
मैं जब वर्षा की बाढ़ों में डूब-डूब कर उतराया था
तुम हँसते थे वाटर–प्रूफ कवच को ओढ़े
और शीत के पाले में जब गलकर मेरी देह जम गई
तब बिजली के हीटर से
तुम सेंक रहे थे अपना तन-मन
जिसने झेला नहीं, खेल क्या उसने खेला?
जो कष्टों से भागा, दूर हो गया सहज जीवन के क्रम से,
उसको दे क्या दान प्रकृति की यह गतिमयता यह नव बेला।
पीड़ा के माथे पर ही आनंद तिलक चढ़ता आया है
मुझे देखकर आज तुम्हारा मन यदि सचमुच ललचाया है
तो कृत्रिम दीवारें तोड़ो

बाहर जाओ,

खुलो, तपो, भीगो, गल जाओ

आँधी तूफानों को सिर लेना सीखो

**(i) कवि ने उपवन से क्या माँगा?**

(अ) हवा (ब) यौवन

(स) फूल (द) धन

**(ii) धरती का आशीष मनुष्य को तब प्राप्त हो सकता है-दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

**कथन**

(क) जब मनुष्य अच्छे कार्य करता है

(ख) जब मनुष्य अधिक धन कमाता है

(ग) जब मनुष्य प्रकृति के सभी संकटों और सुखों का झेलता है

(घ) जब मनुष्य सबकी सहायता करता है

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (क) सही है (ब) कथन (ख) सही है

(स) कथन (ग) सही है (द) कथन (घ) सही है

**(iii) प्रकृति की गतिमयता और नवीनता पाने का अधिकारी कौन है?**

(अ) जो प्रकृति के निकट रहकर कष्टों को सहन करता है

(ब) जो प्रकृति के साथ चलता है

(स) जो कृत्रिम ज़िंदगी को छोड़ देता है

(द) 'अ' और 'ब' दोनों सही हैं

**(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A):** मनुष्य ने प्रकृति से दूर हो अपने को कृत्रिम दीवारों में कैद कर लिया है।

**कारण (R):** मनुष्य ने अपनी सुरक्षा के लिए अपने आपको सुख-सुविधाओं में घेर लिया है।

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(v) "पीड़ा के माथे, पर ही आनंद तिलक चढ़ता आया है" पंक्ति में 'आनंद तिलक' से अभिप्राय है-**

(अ) उल्लास और सुख-वैभव (ब) खुशी और हँसी'

(स) सुख-वैभव और हँसी (द) उल्लास और सुख-वैभव

अथवा

बेटी गई है बाहर काम पर
ओ हवाओं ! उसे रास्ता देना
दूर तक फैली काली लकीर-सी वहशी सड़कों
तनिक अपनी कालिख समेटकर, उसे दुर्घटना से बचाना ।
भीड़-भरो बसों !
तनिक उस पर ममता वारना,
उसे इस या उस या उसके वाहियात स्पर्शों
और जंगली छेड़छाड़ से बचाना ।
बेटी गई है काम पर
दिशाओं ! चुपके से उसके साथ हो लेना
और शाम ढले जब तक वह लौटकर आती नहीं घर
खुद को सचेतन और पारदर्शी बनाए रखना ।
शहर के शोर ! धुएँ !,
और भीड़ भरे कोलाहल !
थोड़ी देर को थम जाना !
ताकि बेटी जो गई है बाहर काम पर
शाम को ठीक-ठाक उत्फुल्ल मन घर लौटे ।

**(i) काव्यांश में 'बेटी' से तात्पर्य है- दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

**कथन**

(क) अच्छे परिवार में पल रही बेटी

(ख) महानगरों में रह रही नारी

(ग) सभी माताएँ, बहनें और बेटियाँ

(घ) रोज़ काम पर जाती युवतियाँ

**कूट/विकल्प**

(अ) कथन (ख) सही है

(ब) कथन (घ) सही है

(स) कथन (क) सही है

(द) कथन (ग) सही है

**(ii) सड़कों से कवि चाहता है-**

(अ) दूर तक फैल जाना

(ब) छोटा हो जाना

(स) दुर्घटना से बचाना

(द) कालापन बदल देना

(iii) बेटी को ठीक-ठाक घर लौटने में किसकी सहायता माँगी गई है?

(अ) कोलाहल की | (ब) प्रदूषण की

(स) ढलती शाम की | (द) दिशाओं की

(iv) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है-

(अ) महानगर में बेटी | (ब) हमारी बेटियाँ

(स) प्रदूषण का फल | (द) मन की व्यथा

(v) 'वाहियात स्पर्शों' से क्या आशय है?-कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(क) छेड़छाड़ करना | (ख) बुरी नीयत से छूना

(ग) फ़ब्ती कसना | (घ) असभ्य व्यवहार करना

विकल्प/कूट

(अ) कथन 'क' और 'ख' सही है

(ब) केवल कथन 'ख' सही है

(स) कथन 'ग' और 'घ' सही है

(द) कथन 'क' और 'घ' सही है

3.निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X4=4

(i) 'उच्चारण' में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(अ) उच् | (ब) उच

(स) उत् | (द) उ

(ii) 'अन' उपसर्ग से युक्त शब्द को चुनिए-

(क) अनजान | (ख) अनपढ़

(ग) अनमोल | (घ) अनधिकार

कूट/विकल्प

(अ) केवल (क) सही है

(ब) केवल (क) और (ख) सही है

(स) (क), (ख) और (ग) सही है

(द) (ख), (ग) और (घ) सही है

(iii) 'रंगीन' - शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(अ) गीन | (ब) इन

(स) न | (द) ईन

**(iv) उस शब्द को छाँटिए जिसमें 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ हो-**

(अ) अधिक (ब) दैनिक

(स) धार्मिक (द) भौगोलिक

**(v) सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क.निवारण | 1.स्व |
| ख.सज्जन | 2.नि |
| ग.स्वराज्य | 3.सत् |

**कूट/विकल्प**

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 1 | 2 | (ब) | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 2 | 1 | 3 | (द) | 1 | 2 | 3 |

**4.निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**1X4=4**

**(i) समास-विग्रह का सही उदाहरण है-**

(क) ऋण से युक्त = ऋणमुक्त (ख) शोक से आकुल = शोकव्याकुल

(ग) वन को गमन = वनगमन (घ) रेखा से अंकित = रेखांकित

**कूट/विकल्प**

(अ) केवल (क) सही है (ब) केवल (ख) और (ग) सही है

(स) (क) और (ख) सही है (द) (ग) और (घ) सही है

**(ii) 'राजा-प्रजा' - का सही विग्रह होगा-**

(अ) राजा की प्रजा (ब) राजा और प्रजा

(स) राजा के लिए प्रजा (द) राजा से प्रजा

**(iii) 'लंबा है उदर जिसका अर्थात गणेश जी'- का समस्तपद कौन-सा है?**

(अ) लंबा उदर (ब) लंबउदर

(स) लंबोदर (द) मोटा उदर

**(iv) 'यथाशीघ्र' - समस्तपद में कौन-सा समास है ?**

(अ) अव्ययीभाव (ब) तत्पुरूष

(स) कर्मधारय समास (द) द्विगु समास

**(v) सूची I (समस्तपद) को सूची II (समास) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| क. आसमुद्र | 1. कर्मधारय समास |
| ख. चारपाई | 2. तत्पुरूष समास |
| ग. भयभीत | 3. अव्ययीभाव समास |

**कूट/विकल्प**

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 1 | 2 | (ब) | 1 | 3 | 2 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | (द) | 3 | 2 | 1 |

**5.निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए** 1X4=4

**(i) 'आपकी यात्रा मंगलमय हो।' अर्थ के आधार पर सही वाक्य-भेद चुनिए-**

(अ) आज्ञावाचक (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विधानवाचक वाक्य (द) विस्मयवाचक वाक्य

**(ii) रात के समय तुम्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।**

(अ) संदेहवाचक वाक्य (ब) प्रश्नवाचक वाक्य

(स) संकेतवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iii) अहा ! गाँव की हवा की बात ही कुछ और है।**

(अ) संकेतवाचक वाक्य (ब) इच्छावाचक वाक्य

(स) विस्मयवाचक वाक्य (द) निषेधवाचक वाक्य

**(iv) सभी बच्चे खेलते हैं। (आज्ञावाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) सभी बच्चे खेलेंगे । (ब) सभी बच्चे खेल रहे हैं ।

(स) सभी बच्चो खेलो । (द) सभी बच्चे खेले थे ।

**(v) आज तो मज़ा आ गया। (विस्मयवाचक वाक्य में बदलें)**

(अ) क्या मज़ा आया (ब) वाह ! आज तो मज़ा आ गया।

(स) आज मज़ा आएगा (द) आज तो मज़ा नहीं आया।

**6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 1X4=4

**(i) "बालक बोलि बधऊँ नहिं तोही" इस काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा (ब) यमक

(स) अनुप्रास (द) रूपक

**(ii) "विज्ञान-यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) यमक
(ब) रूपक
(स) उपमा
(द) अनुप्रास

**(iii) "तू मोहन के उर बसी ह्वै उरबसी समान ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) रूपक
(ब) उपमा
(स) यमक
(द) अनुप्रास

**(iv) "प्रात: नभ था बहुत नीला शंख जैसे ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा
(ब) अनुप्रास
(स) यमक
(द) रूपक

**(v) "कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजल ऊपर वीरौं ।" इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

(अ) उपमा
(ब) अनुप्रास
(स) यमक
(द) रूपक

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X5=5

परित्यक्त चीनी किले में जब हम चलने लगे, तो एक आदमी राहदारी माँगने आया। हमने वह दोनों चिटें उसे दे दी। शायद थोड़्ला के पहले के आखिरी गाँव में पहुँच गए। यहाँ भी सुमति के जान-पहचान के आदमी थे और भिखमंगे रहते भी ठहरने के लिए अच्छी जगह मिली। पाँच साल बाद हम इसी रास्ते लौटे थे और भिखमंगे नहीं, एक भद्र यात्री के वेश में घोड़ों पर सवार होकर आए थे; किंतु उस वक्त किसी ने हमें रहने के लिए जगह नहीं दी और हम गाँव के एक सबसे गरीब झोंपड़े में ठहरे थे। बहुत कुछ लोगों की उस वक्त की मनोवृत्ति पर ही निर्भर है, खासकर शाम के वक्त छंङ् पीकर बहुत कम होश-हवास को दुरूस्त रखते हैं।

**(i) लेखक द्वारा परित्यक्त चीनी किले से चलने पर एक आदमी उनसे राहदारी माँगने आया। यह राहदारी क्या थी?**

(अ) बोधगया के कपड़े
(ब) बौद्ध धर्म से संबंधित अन्य सामान
(स) यात्रा करने का कर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(ii) लेखक चीनी किले से जाने के बाद कहाँ पहुँचा?**

(अ) थोड़्ला के पहले के आखिरी गाँव में
(ब) लद्दाख के एक परिचित के घर में
(स) निर्जन डाँडा प्रदेश में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(iii) थोड्ला में लेखक को ठहरने का अच्छा स्थान कैसे मिला?**

(अ) अपनी जान-पहचान के लोग होने के कारण

(ब) सुमति की जान-पहचान के लोग थे

(स) भिखारी का वेश धारण करने के लिए

(द) चीनी सैनिकों से मित्रता होने के कारण

**(iv) पाँच साल बाद उसी रास्ते पर लौटते हुए लेखक को कहाँ ठहरना पड़ा था?**

(अ) सुमति के घर में

(ब) गाँव के सबसे गरीब झोंपड़े में

(स) अपने जान-पहचान के लोगों के घर में

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(v) शाम के वक्त गाँव के लोग अपने होशो-हवास में क्यों नहीं रहते थे?**

(अ) स्थानीय शराब पीने के कारण

(ब) 'भांग' पीने के कारण

(स) 'सोम' नामक मादक द्रव्य पीने के कारण

(द) 'छङ्' नामक मादक द्रव्य पीने के कारण

**9.गद्य खंड के पाठों के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए** 1X2=2

**(i) ग्राहक को लुभाने के लिए बाज़ार में किस प्रकार की सामग्रियाँ भरी हुई है?**

(अ) विलासिता संबंधी (ब) अत्यंत महँगी सामग्री

(स) सौंदर्य प्रसाधन संबंधी (द) स्वास्थ्य वर्धक सामग्री

**(ii) लेखक के अनुसार, सालिम अली की आँखें किसके प्रति समर्पित थीं?**

(अ) वृंदावन के प्रति (ब) प्रकृति के प्रति

(स) पक्षियों की तलाश एवं उनकी सुरक्षा के प्रति (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X5=5

थल-थल में बसता है शिव ही,
भेद न कर क्या हिंदू-मुसलमां।
ज्ञानी है तो स्वयं को जान,
वही है साहिब से पहचान॥

(i) **कवयित्री के अनुसार, ईश्वर की पहचान क्या है?**

(अ) वह अगोचर है (ब) आत्मज्ञान

(स) वह मंदिर-मस्जिद में रहता है (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) **ईश्वर कहाँ रहता है?**

(अ) मस्जिद में (ब) मंदिर में

(स) पहाड़ों पर (द) प्रकृति के कण-कण में

(iii) **कवयित्री हिंदू-मुसलमानों अर्थात् सभी इंसानों को क्या उपदेश दे रही हैं?**

(अ) ईश्वर सर्वव्यापी है, अतः तुम उसमें भेद न करो

(ब) ईश्वर तुम्हारे स्वयं के अंदर ही है

(स) 'अ' और 'ब' दोनों

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) **यहाँ कवयित्री ने किस सामाजिक बुराई का विरोध किया है**

(अ) सांप्रदायिक भेदभाव की (ब) आपस में लड़ने की

(स) जात-पाँत की (द) इनमें से कोई नहीं

(v) **'साहिब' से क्या आशय है?**

(अ) कबीर से (ब) ईश्वर से

(स) मनुष्य से (द) हिंदू-मुसलमान से

**10.काव्य खंड पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** 1X2=2

(i) **आत्मरूपी हंस कहाँ क्रीड़ामग्न है?**

(अ) भक्ति से परिपूर्ण मन रूपी सरोवर में (ब) ईश्वर के पास

(स) भक्त के पास (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) **सत्य के साधक को किसकी चिंता नहीं करनी चाहिए**

(अ) संसार की (ब) घर-परिवार की

(स) कुत्ते की (द) गुरू की

**'खंड ब' वर्णनात्मक प्रश्न(40 अंक)**

पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित ~~चार~~ प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** 2X3=6

(क) 'दो बैलों की कथा' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए कि 'संगठन में बल' या 'एकता में शक्ति' होती है।

(ख) उपभोक्तावादी संस्कृति के पनपने से हमारा क्या-क्या नुकसान हुआ है?

(ग) लेखक के अनुसार, जीवन में 'सुख' से क्या अभिप्राय है?

(घ) कांजीहौस किसे कहते हैं? वहाँ पशुओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था? 'दो बैलों की कथा' के आधार पर लिखिए

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-2X3=6**

(क) 'काबा का काशी' तथा 'राम का रहीम' हो जाना कहकर कबीर स्पष्ट रूप से क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ख) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(ग) आपके विचार से कवि पशु, पक्षी और पहाड़ के रूप में कृष्ण का सान्निध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है?

(घ) अर्द्ध-रात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा है?

**13.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर लगभग [illegible]-60 शब्दों में लिखिए- 4X2=8**

(क) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

(ख) रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए उसकी शिक्षा को छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?

(ग) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में एकांकी का मुख्य पात्र किसे मानते हैं और क्यों?

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए 6X1=6**

**(क) वृक्ष लगाएँ : विश्व बचाएँ**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका *वृक्षारोपण एक पवित्र कार्य है *इसके लिए एक अभियान की आवश्यकता *वृक्ष जीवन के लिए वरदान है

**(ख) मोबाइल का मायाजाल**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका *आज की आवश्यकता *लाभ या हानियाँ *उचित प्रयोग आवश्यक

**(ग) शांतिप्रिय एवं समर्थ भारत**

**संकेत बिंदु**

*भूमिका *शांतिदूत भारत *अहिंसा परम धर्म है *सामर्थ्यवान भारत

**15.**आप अनिकेत हैं। अपने विद्यालय में नवीनतम खेल-सामग्री मँगवाने हेतु प्राचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

फ़ैशन में धन और समय का अपव्यय (बर्बादी) करने वाली छोटी बहन को बड़ी बहन गुंजन की ओर से लगभग 100 शब्दों में एक प्रेरणादायक पत्र लिखिए।

**16.** सवधानी हटी और दुर्घटना घटी, कहावत के आधार पर एक मौलिक कथा लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण अवकाश हेतु प्राचार्य को ई-मेल 100 शब्दों में लिखिए।

**17.**गृहिणी तथा सब्ज़ीवाले के बीच हुए वार्तालाप को 80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए। **4X1=4**

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली निबंध प्रतियोगिता हेतु लगभग 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

---0---